# प्रदेश अध्यक्ष की सांसदों से वन-टू-वन

- दुर्गादास उइके के निवास पर हुआ भोज का आयोजन
- शिवराज और ज्योतिरादित्य नहीं हुए शामिल

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 5 फरवरी. मप्र में निगम, मंडल और प्राधिकरणों में राजनीतिक नियुक्तियों की चर्चा के बीच गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने दिल्ली में मप्र के लोकसभा और राज्य सभा सांसदों को भोज दिया. इस दौरान उन्होंने सांसदों से वन-टू-वन चर्चा भी की और सरकार और संगठन के बारे में फीडबैक लिया.**

ये भोज केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके के बंगले पर हुई. इस भोज में उइके के अलावा मप्र से जुड़े तीन और केंद्रीय मंत्री शामिल हुए, लेकिन केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान और ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल नहीं हुए.



इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मप्र विकास के नये आयाम स्थापित करेगा. भाजपा की डबल इंजन वाली मोदी-मोहन सरकार से मप्र का सर्वांगीण विकास होगा. प्रदेश के विकास में सांसदों की महत्वपूर्ण भूमिका है. मध्यप्रदेश के विकास के लिए केन्द्र सरकार पूरी तरह समर्पित है. केंद्र व राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं से जन-जन को फायदा मिल रहा है.

सहभोज एवं संवाद में केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार, जॉर्ज कुरियन, डॉ. एल. मुरुगन, दुर्गादास उइके, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, सांसद गणेश सिंह, भारत सिंह कुशवाह, संध्या राय, लता वानखेड़े, राहुल लोधी, जनार्दन मिश्रा, डॉ. राजेश मिश्रा, हिमाद्री सिंह, आशीष दुबे, भारती पारधी, दर्शन सिंह चौधरी, आलोक शर्मा, महेन्द्र सोलंकी, अनिल फिरोजिया, सुधीर गुप्ता, अनिता चौहान, शंकर लालवानी, गजेन्द्र पटेल, ज्ञानेश्वर पाटिल, कविता पाटीदार, सुमेर सिंह सोलंकी, सुमित्रा बाल्मीकि, उमेश नाथ महाराज, बंशीलाल गुर्जर एवं माया नारोलिया शामिल हुईं.

> खण्डेलवाल ने कहा कि मप्र के सांसदगण विकास के साथ संगठनात्मक गतिविधियों में भी महती भूमिका निभा रहे, साथ ही विकास को और सशक्त कर रहे हैं. सांसदगण पार्टी संगठन को और अधिक मजबूती देने के साथ भाजपा को नई बुलंदियों तक पहुंचाने में अहम रोल निभायेंगे. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र और राज्य के सहयोग से चल रही विकास परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन से प्रदेश में निवेश, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे मप्र के समग्र और संतुलित विकास को नई दिशा मिलेगी.




# एमपी में कोहरे की चादर, जनजीवन प्रभावित

**भोपाल, 05 फरवरी. मध्य प्रदेश में एक बार फिर सर्द मौसम ने जनजीवन की रफ्तार प्रभावित की है. प्रदेश के आधे से अधिक हिस्से में गुरुवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे सड़क और रेल यातायात भी प्रभावित हुआ.**

भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन सहित 30 से ज्यादा जिलों में विजिबिलिटी बेहद कम दर्ज की गई, वहीं ग्वालियर-चंबल अंचल में हालात सबसे ज्यादा गंभीर बने हुए हैं, जहां दृश्यता 50 मीटर से भी नीचे जाने की आशंका जताई गई है. कोहरे के चलते सुबह के समय वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा. कई स्थानों पर वाहनों की रफ्तार बेहद धीमी रही. मौसम विभाग ने लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने और बेहद सतर्कता के साथ वाहन चलाने की सलाह दी है. विभाग ने फॉग लाइट का इस्तेमाल, धीमी गति और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है. शुक्रवार को भी कई जिलों में कोहरा छाए रहने का अलर्ट जारी किया गया है.

बुधवार को दिनभर चली ठंडी हवाओं के कारण अधिकांश शहरों में अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया.

# सिंहस्थ मेला अधिकारी ने लगातार हो रहे हादसों पर सुरक्षा की जताई चिंता

- निर्माण कार्य स्थल पर बचाव के पुख्ता उपाय किए जाएं
- सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह ने ली मातहतों की क्लास
- कुंभ के प्रचलित कार्यों की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**उज्जैन.** महाकुंभ के मद्देनजर 30 हजार करोड़ के कार्य होना है, सरकारी विभागों ने टेंडर निकाल कर निजी कंपनियों को ठेके दिए हैं, जिनमें भारत भर के मज़दूर काम कर रहे है,ऐसे में कार्य स्थल पर उनकी समुचित सुरक्षा हो,जानमाल की हानि न हो, इसके प्रबंध किए जाएं, और किसी प्रकार की कोताही न बरती जाएं, लगातार हो रहे हादसों पर इस प्रकार की चिंता जताते हुए सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने मातहतो को जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं.

सिहंस्थ मेला कार्यालय के सभागृह में गुरूवार को सिहंस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने सिहंस्थ 2028 के लिए किए जा रहे अधोसंरचना विकास के कार्यों की समीक्षा करते हुए सुरक्षा के उपाय भी बताए. बैठक में देवास जिला पंचायत सीईओ श्रीमती ज्योति शर्मा, उज्जैन जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे.

**गति भी बढ़ाओ**-श्री सिंह ने सिहंस्थ कार्यों को करने वाली सभी एजेंसियों को कार्य के दौरान सुरक्षा के उपाय किए जाने और निर्माणाधीन कार्य की गति बढ़ाने और समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए है. बैठक में अपर आयुक्त उज्जैन संभाग रत्नाकर झा, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह भी उपस्थित रहे.

**पाइप लाइन शिफ्ट करें**-सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह ने विभागवार कार्यों की समीक्षा की। बैठक में सेतू विभाग द्वारा प्रचलित विभिन्न ब्रिज निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी गई. बैठक में पीएचई की पाईप लाइन शिफ्टिंग का कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए.



**निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा बरतें एजेंसियां...**

सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह ने पीएचई विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए. सिंहस्थ मेला अधिकारी ने निर्माण कार्य करने वाली सभी एजेंसियों द्वारा निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा के पूरे उपाय करने के निर्देश दिए. सेतू विभाग के माध्यम से किए जा रहे फ्रीगंज आरओबी, वाकणकर ब्रिज, श्री मंगलनाथ मंदिर से कमेड, कर्कराज से भूखीमाता, केडी गेट से दुर्गादास की छत्री, छोटा पुल, पीपलीनाका से भैरवगढ़ मार्ग, श्री कालभैरव से सिद्धवट, श्री कालभैरव से गढ़कालिका, लालपुर के ब्रिज निर्माण कार्य समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने के निर्देश भी दिए.

> **समय सीमा में हों काम**
>
> एमपीआरडीसी द्वारा सिहंस्थ बायपास, इंगोरिया से देपालपुर और उज्जैन से मक्सी मार्ग की प्रगति की जानकारी दी. कलेक्टर श्री सिंह ने सभी कार्यों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को गति बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि छत्रीचौक पर पीएचसी का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है. सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि सिहंस्थ के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने करे. निर्माण के दौरान कोई इश्यू हो तो संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय कर कार्य जारी रखे.

# पेड़ पर दिखे दो तेंदुए, एक का रेस्क्यु, दूसरा भागा

**धार.** जिले की कुक्षी तहसील के ग्राम कुडदीगपुरा में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब बच्चों ने नीम के पेड़ पर दो तेंदुओं को देखा. ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, जिसमें से एक तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया, जबकि दूसरा तेंदुआ वन कर्मियों को देखकर कूदकर जंगल की ओर भाग गया. जानकारी के अनुसार सुबह ग्रामीण जा रहे थे, तभी बच्चों को तेंदुओं की आवाज सुनाई दी. ग्रामीणों ने देखा कि एक तेंदुआ घने नीम के पेड़ पर बैठा था, जबकि दूसरा पेड़ के नीचे बनी एक खोह में घुसा हुआ था. इसके बाद वन अमले ने कार्रवाई की.

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर पश्चिम रेलवे, रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्य/ कार्यों के लिए खुली ई-निविदा निविदा संख्या: **E-IND-WLI-2026 के विरुद्ध अंतिम तिथि 03/03/2026 15:00 बजे तक (एकल पैकेट सिस्टम)** आमंत्रित की जाती है। बिडर केवल अंतिम तिथि एवं समय तक ही अपनी बिड़ जमा कर सकेंगे। इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल ऑफ़र की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैन्युअल ऑफ़र को अनदेखा कर दिया जाएगा। यदि किसी कारण-वश निविदा खुलने की नियत दिनांक को अवकाश घोषित किया जाता है तो संबंधित निविदायें अवकाश के अगले कार्य दिवस मे नियत समय पर खोली जायेगी। **कार्य का नाम एवं स्थान:** अंडरस्लंग और ओवरहेड वॉटर टैंक वाले कोचों के लिए जल स्तर संकेतक की व्यवस्था। स्थान: कोचिंग डिपो-इंदौर। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 2,29,60,000/- (सभी कर, ड्यूटीज एवं जी. एस. टी. सहित)। **बयान राशि:** रु. 2,64,800/-. **समापन अवधि:** एल.ओ.ए जारी होने की तारीख से 12 वर्ष। **कार्यालय का पता जहां निविदा खुलेगी:** कार्यालय - वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर। **निविदा फार्म जमा करने का अंतिम समय:** 15:00 बजे दिनांक 03.03.2026 तक जमा करने का समय। **वेबसाईट व नोटिस बोर्ड जहां निविदा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** निविदायें IREPS वेबसाईट पर देखी जा सकती है साथ ही इस संबंध मे कोई भी जानकारी वरि कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर, कार्यालय (प.रे.) से सभी कार्यालयीन दिवस पर प्राप्त की जा सकती है।

SPAN/3/1/447

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly




एक्सचेंज बोनस ₹2500/-*

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक
HDFC BANK FESTIVE TREATS SBI card क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs

एक्स-शोरूम कीमत ₹84,811#

फ्यूचर एक्सपीरियंस करें

TOLL FREE NO. 1800 266 0018

Hero GoodLife Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at selectdealerships. *Limited period offer, T&C Apply. #Ex-showroom price of Glamour X Drum variant in Madhya Pradesh. ^T&C apply.

अधिकृत डीलरः इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, उज्जैन: क्षिप्रा हीरो (फ्रीगंज, देवास रोड) 9289922354, लोहिया हीरो (चिमनगंज मंडी के सामने) 9289922718, बड़नगर: स्वास्तिक हीरो 9289922773, शाजापुर: बाबा हीरो 9289922833, रतलामः एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमचः उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौरः रामदर्शन हीरो 9289922369, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलरः अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, आगर: रामदेव मोटर्स 9425921047, महिदपुर: रुचि ऑटोमोबाईल्स 9425091966, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, शुजालपुर: रॉयल बाईक्स 8817784120, तराना: क्षिप्रा मोटर्स 9826648880, नलखेड़ा: नाकोड़ा ऑटो सेल्स एण्ड सर्विस 9584284629, मनासा: मारु मोटर्स 9617944999, पिपलोदा: निमिष ऑटोमोबाईल 9826444701, श्यामगढ़: खुराना मोटर्स 9826730340/9009433866, गरोठ: श्रीनाथ ऑटोमोबाइल 9826773646, नारायणगढ़: ललित ऑटोमोबाइल्स 9893525549, ताल: श्री बालाजी ऑटोमोबाइल्स 9691602742, बोलाई: अन्नपूर्णा मोटर्स, 9755116444, नंदनी: श्री मोटर्स, 8435192351, अरनिया कलां: तिलक ऑटो, 7697016717, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा : गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, जावरा: रिलायबल हीरो 9289923045, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906.

FCB INTERFACE/8486/JANUARY26/HINDI

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60